UNITY COLLEGE LIBRARY
Date..........
DIMAPUR : NAGALAND

**Ba/Bc/Hin (MIL)–301**

**2022**

( 3rd Semester )

# HINDI

## ( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

*Full Marks* : 70    *Pass Marks* : 45%

*Time* : 3 hours

## ( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 45 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 9×2=18

(क) जाउँ कहाँ तजि चरन तुम्हारे।
काको नाम पतित-पावन जग,
केहि अति दीन पियारे,
कौने देव बराइ बिरद-हित,
हठि-हठि अधम उधारे,
खग-मृग, व्याध, पषान, विटप जड़,
जवन कवन सुर तारे।

**अथवा**

जी, गीत जनम का लिखूँ मरण का लिखूँ,
जी, गीत जीत का लिखूँ शरण का लिखूँ,
यह गीत रेशमी है, यह खादी का,
यह गीत पित्त का है, यह बादी का!

(ख) शाहंशाह शाहजहाँ बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने उस फिरंगी डॉक्टर से कहा—"माँगो।" उस फिरंगी ने कहा—"हुजूर, मैं इस दवा को हिंदुस्तान में रायज करना चाहता हूँ, इसीलिए हुजूर, मुझे हिंदुस्तान में तिजारत करने की इजाजत दें।" बादशाह सलामत ने जब यह सुना कि डॉक्टर हिंदुस्तान में इस दवा का प्रचार करना चाहता है तो बड़े प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा—"मंजूर। और कुछ माँगो।"

**अथवा**

मन में इस तरह के संकल्प उठते हैं—इस बार पुस्तक पढ़ने से पहले प्रश्न-पत्र जरूर देख लेना, साहित्य के विषय में विद्यार्थियों से ऐसा कुछ न कहना जो उनकी परीक्षा के लिए नितांत उपयोगी न हो।

**2.** 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' निबंध की समीक्षा कीजिए। 9

**अथवा**

'नमक का दरोगा' कहानी के आधार पर मुंशी वंशीधर का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**3.** सूक्तियों के आधार पर कबीर के विचार स्पष्ट कीजिए। 9

**अथवा**

'कालिदास' कविता का भावार्थ अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण का उपयुक्त शीर्षक के साथ संक्षेपण कीजिए : 9

मनुष्य ने जब से विज्ञान की शक्ति पाकर प्रकृति से छेड़छाड़ प्रारंभ की तथा उसका दोहन प्रारंभ किया, तभी से वह प्राकृतिक सुखों से वंचित होता गया। अपने अहंकार, दंभ तथा अभिमान के कारण वह स्वयं को सर्वशक्तिमान समझने लगा और प्रकृति के तत्त्वों पर विजयश्री की कल्पना करने लगा। जब से उसने प्रकृति का आँचल छोड़ा और विज्ञान का दामन थामा, तभी से वह अपने विनाश की खाई स्वयं खोदने लगा। प्रकृति पर विजय के स्वप्न को साकार करने के लिए उसने अनेक आविष्कार किए और उसने समझा कि प्रकृति को उसने अपने वश में कर लिया है। परंतु वह भूल गया कि मूक दिखने वाली प्रकृति की वक्र-दृष्टि सर्वनाश का कारण बन सकती है। आज जिस प्रकार चारों ओर पर्यावरण-प्रदूषण तथा प्राकृतिक असंतुलन का दौर चल रहा है, जिस प्रकार ऑक्सीजन की कमी के कारण, ध्वनि तथा जल-प्रदूषण के कारण रोगों में वृद्धि होती जा रही है, उसका एकमात्र कारण मानव की प्रकृति से छेड़छाड़ है।

★ ★ ★

**2022**

( 3rd Semester )

# HINDI

( Modern Indian Language )

Paper No. : HIN (MIL)–301

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 25 )

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

## SECTION—I

( *Marks* : 5 )

निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प के सामने सही (✓) का चिह्न लगाइए : 1×5=5

**1.** "गाहक गरीब को, दयालु दानि दीन को।" यह पंक्ति किस कवि की रचना से ली गई है?

(क) तुलसीदास ( )

(ख) कबीरदास ( )

(ग) सूरदास ( )

**2.** 'निश्चल' नाम से कविता कौन करते थे?

(क) मास्टर रुद्रनारायण ( )

(ख) ब्रजभूषण लाल त्रिपाठी ( )

(ग) वृंदावन लाल वर्मा ( )

**3.** ''जनाब! उस तंबू ने बढ़ना जारी रक्खा। एक दिन क्या देखते हैं कि विश्वनाथपुरी काशी के ऊपर वह तंबू तन गया।'' यह पंक्ति किस कहानी की है?

(क) नमक का दरोगा ( )

(ख) महाराजा का इलाज ( )

(ग) मुगलों ने सल्तनत बख्श दी ( )

**4.** 'कालिदास' कविता के कवि कौन हैं?

(क) कबीर ( )

(ख) नागार्जुन ( )

(ग) रहीम ( )

**5.** ''बाबू साहब, ऐसा न कीजिए, हम मिट जाएँगे।'' यह कथन किसका है?

(क) पं० अलोपीदीन का ( )

(ख) बदलू सिंह का ( )

(ग) गाड़ीवानों का ( )

## SECTION—II

( *Marks* : 10 )

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

**1.** ''सेतु भवसागर को, हेतु सुखसागर को'' का भाव स्पष्ट कीजिए।

**2.** 'इंद्री सिथिल' किसके बिना तथा क्यों होती है?

**3.** शाहजादी रौशनआरा के विषय में लिखिए।

**4.** ''निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।'' इस पंक्ति में कवि क्या कहना चाहता है?

**5.** हीरोजी के विषय में लिखिए।

**6.** गोपियाँ 'हारिल की लकड़ी' किसे कहती हैं?

**7.** 'मनुष्य को सुख कैसे मिलेगा?' निबंधकार द्विवेदी के विचारों को लिखिए।

## SECTION—III

( *Marks* : 10 )

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : ½×4=2

आकर्षण ; संयोग ; विष ; गुरु ; शांति ; सरस ; आगमन

**2.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×3=3

गणेश ; फूल ; आग ; आकाश ; पुस्तक ; रास्ता

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** मुहावरों के वाक्य-प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए : $1 \times 3 = 3$

घी के दीये जलाना ; ऊँची दुकान फीके पकवान ; नाक का बाल होना ; आँखें चार होना ; नाच न जाने आँगन टेढ़ा ; नौ दो ग्यारह होना

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए : $1 \times 2 = 2$

अभि ; अति ; उप ; परि

***